महत्वपूर्ण

संख्या– 85/78–2–2011–11आई0टी0/2001

प्रेषक,

चन्द्र प्रकाश
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. प्रबन्ध निदेशक, यूपीडेस्को, लखनऊ।
2. प्रबन्ध निदेशक, यूपीएलसी, लखनऊ।
3. प्रबन्ध निदेशक, अपट्रान इण्डिया लि0, लखनऊ।
4. प्रबन्ध निदेशक, अपट्रान पावरट्रानिक्स लि0, साहिबाबाद, गाजियाबाद।
5. प्रबन्ध निदेशक, श्रीट्रान इण्डिया लि0, साहिबाबाद, गाजियाबाद।

आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स अनुभाग–2 लखनऊः दिनांकः 18 जनवरी, 2011

विषयः <u>कम्प्यूटर के एप्लीकेशन साफ्टवेयर क्रय/विक्रय प्रक्रिया का निर्धारण।</u>

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या–1692/78–2–2010–25आई0टी0/2001, दिनांक 07 दिसम्बर, 2010 जिसमें पूर्व में निर्गत शासनादेशों का उल्लेख करते हुए निहित प्राविधानों के अनुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे, के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रत्येक प्रकार का क्रय (कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर, Ternkey, Boo/Boot माडल) खुली निविदा के आधार पर व वित्तीय हस्तपुस्तिका में उल्लिखित वित्तीय नियमों के अनुसार ही किया जाएगा। खुली निविदा दो भागों (टेक्निकल बिड एवं फाईनेन्सियल बिड) में आमंत्रित की जायेंगी। टेण्डर प्रक्रिया पूर्णरूपेण पारदर्शी होगी।

2. कृपया उपरोक्त निर्देशों का अक्षरशः कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

भवदीय,

(चन्द प्रकाश)
प्रमुख सचिव